राष्ट्र के लिए प्रार्थना दिन

सभी कलीसियाओं को निवेदन है की,16 अगस्त 2020 को प्रार्थना दिन के रूप में मनाया जाए|

अपने राष्ट्र के शांति, समृद्धि एवं स्थिरता के लिए प्रार्थना

मध्यस्थता के लिए खड़ा होना! भारत को आशीषित करें !

नेशनल काउंसिल ऑफ़ चर्चेस इन इंडिया और इवैंजेलिकल फ़ेलोशिप ऑफ़ इंडिया इनके सौजन्य से..

अधिक जानकारी के लिए

www.nationaldayofprayer.in

विषय - सूची

परिचय....4
राष्ट्र के लिए प्रार्थना का दिन....4
नेशनल काउंसिल ऑफ चर्चेस इन इण्डिया....4
इवेंजलिकल फैलोशिप आफ इंडिया....4
स्वयं की प्रार्थना के लिए परमेश्वर का वचन....5
हमारे अगुवो के लिए प्रार्थना हेतु परमेश्वर का वचन....5
प्रार्थना एवं गद्यांश....6
स्तुति और पुनुरुध्धार....6
परमेश्वर की स्तुति....6
यहोवा अनुग्रहकारी और दयालु, विलम्ब से क्रोध करने वाला और अति करुणामय है....6
यहोवा सबके लिए भला है, और उसकी दया उसकी सारी सृष्टि पर है....6
हे यहोवा, सारी सृष्टि तेरा धन्यवाद करेंगी और तेरे भक्त लोग तुझे धन्य कहा करेंगे....6
वे तेरे राज्य की महिमा की चर्चा करेंगे, और तेरे पराक्रम के विषय में बातें करेंगे....6
कि वे आदमियों पर तेरे पराक्रम के काम और तेरे राज्य के प्रताप की महिमा प्रगट करें....6
तेरा राज्य युग युग का और तेरी प्रभुता सब पीढ़ियों तक बनी रहेगी....6
यहोवा सब गिरते हुए को संभालता है, और सब झुके हुए को सीधा खड़ा करता है....6
परमेश्वर की संतान होने के लिए धन्यवाद....6
क्षमा और नवीनीकरण....6

मसीही जीवन....7
नमक और ज्योति होना....7
दयालु होना....7
चेला बनाना....7
सुसमाचार का घोषणा करना....7

घर....8
प्यार करने वाले और देखभाल करने वाले परिवार....8
बच्चे....8
युवा....8
बुजुर्ग....8
बच्चों का संपूर्ण विकास....8

राष्ट्र और उसके अगुवो के लिए....9
राष्ट्र के लिए प्रार्थना....9
राजनेताओं के लिए प्रार्थना....9
सशस्त्र सेनाएं....9
न्यायालय और न्याय व्यवस्था के लिए प्रार्थना....10

प्रशासन कर्मचारी.....10
पुलिस और कानून प्रवर्तन एजेंसियां.....10

पेशेवर स्वास्थ्य देखभाल.....10
शिक्षकों.....10
ईमानदारी और पारदर्शिता.....11
भ्रष्टाचार.....11
धन का समान वितरण.....11
अर्थव्यवस्था.....11
न्याय के लिए प्रार्थना.....12
धर्म की स्वतंत्रता.....12

विशेष प्रार्थनाएं.....12
कोविड-19.....12
बच्चों का जोखिम.....12
गरीब और पीड़ित.....13
गरीब,परिवर्तन का माध्यम.....13
अपाहिज.....14
कैदियों.....14
बेघर.....14
दुर्व्यवहार और हिंसा पीड़ित लोगों के लिए प्रार्थना.....14
दुर्व्यवहार और लिंग हिंसा पीड़ित महिलाओं के लिए प्रार्थना.....14
मीडिया मनोरंजन और खेल.....15

सताई हुई कलीसिया के लिए प्रार्थना - रिलीज इंटरनेशनल के द्वारा.....15

परिचय

राष्ट्र के लिए प्रार्थना का दिन

परमेश्वर भारत के लोगों से प्यार करता है, और उनमे काम करता है। चर्च को प्रार्थना और शांति समृद्धि और स्थिरता के काम करने के लिए बुलाया गया है। हमारे देश की स्थिति और इसके सामने आने वाली चुनौतियां, हमें सर्व शक्तिमान परमेश्वर के चेहरे की ओर देखने और भारत पर उसके असीम आशीषों के लिए प्रार्थना करने के लिए उकसाती है ।

इस मध्यस्थता की जरूरत को पहचानते हुए, ई. एफ. आई. इंडिया ने नम्रता पूर्वक 2017 में "राष्ट्रीय प्रार्थना दिवस अभियान" की पहल की।

ई. एफ. आई सदस्य चर्च और निकायों ने भारत के स्वतंत्रता दिवस के सबसे निकट के रविवार को हमारे राष्ट्रीय प्रार्थना दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया: एक दिन जब हम अपने राष्ट्र के लिए परमेश्वर की स्तुति करते हैं और उसको जरूरतो और मुद्दों के लिए मध्यस्थता करते हैं।

2019 में नेशनल काउंसिल ऑफ़ चर्चेस इन इंडिया और साथ ही कैथोलिक बिशप कांफ्रेंस ने राष्ट्रीय प्रार्थना दिवस का समर्थन किया, और इसमें शामिल होने और भाग लेने के लिए अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों को जानकारी भेजी।

इस वर्ष भारत में नेशनल काउंसिल ऑफ़ चर्चेस इन इंडिया और ई. एफ. आई ने संयुक्त रूप से हमारे देश, हमारे नेताओं और हमारे साथी नागरिकों के लिए ईमानदारी से हस्तक्षेप करने के लिए पूरे भारत में 16 अगस्त 2020 को राष्ट्रीय प्रार्थना दिवस की सुविधा प्रदान कर रही हैं।

सभी कलीसियाओं, प्रार्थना आंदोलनों, मसीही संस्थाओं और सभी संप्रदायों के व्यक्तिगत मसीहियों से अपील की जा रही है, कि 16 अगस्त 2020 को ध्यान करें, जो रविवार है और हमारे देश की भलाई, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना करने के लिए समर्पित दिन है।

नेशनल काउंसिल ऑफ चर्चेस इन इंडिया (NCCI)

भारत में कलीसियाओं की राष्ट्रीय परिषद, नेशनल काउंसिल ऑफ चर्चेस इन इंडिया, प्रोटेस्टेंट और ऑर्थोडॉक्स कलीसियाओं के साथ-साथ भारत में परिस्थितिक संगठनों, क्षेत्रीय परिषद और एजेंसियों की परिस्थिति अभिव्यक्ति है। परिषद की स्थापना 1914 में हुई। एन. सी. सी. आई 30 सदस्य कलीसियाओं, 17 क्षेत्रीय मसीहि परिषद, 18 अखिल भारतीय संगठन और 7 संबंधित एजेंसियों से बना है। यह भारत में लगभग 14 मिलीयन लोगों का प्रतिनिधित्व करता है।

इवेंजलिकल फैलोशिप आफ इंडिया (EFI)

ई. एफ. आई 1951 में स्थापित, इवैंजेलिकल मसीहियों का राष्ट्रीय गठबंधन है। इवैंजेलिकल का एक केंद्रीय नेटवर्क और एक सेवा संगठन के रूप में, यह भारत पर मसीही विश्वास, आंदोलन और मूल्यों का संरक्षक है, जो मसीही आवाज का प्रतिनिधित्व करता है, निर्माण क्षमता और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी को बढ़ावा देता है । इसकी सदस्यता में 54 से अधिक प्रोटेस्टेंट संप्रदाय और संबंधित मंडली (65000 से अधिक कलीसियाए) साथ ही 150 से अधिक चर्चो से सम्बंधित मिशन एजेंसिया और संगठन सामिल है।

स्वयं के लिए प्रार्थना की वचन

1 तीमुथियुस2:1-2 अब मैं सबसे पहले यह आग्रह करता हूं की विनती, और प्रार्थना, और निवेदन, और धन्यवाद सब मनुष्यों के लिए किए जाएं। राजाओं और सब ऊँचे पदवालों के निमित्त इसलिए कि हम विश्राम और चैन के साथ सारी भक्ति और गंभीरता से जीवन बिताएं।

1 पतरस 2:17 सब का आदर करो, भाइयों से प्रेम रखो, परमेश्वर से डरो, राजा का सम्मान करो।

रोमियो 13:1 हर एक व्यक्ति शासकीय अधिकारियों के आधीन रहे, क्योंकि कोई अधिकार ऐसा नहीं जो परमेश्वर की ओर से न हो; और जो अधिकार है, वे परमेश्वर के ठहराए हुए हैं।

यिर्मयाह 29:7 परंतु जिस नगर में मैं ने तुमको बंदी करा कर भेज दिया है, उसके कुशल का यत्न किया करो, और उसके हित के लिए यहोवा से प्रार्थना किया करो। क्योंकि उसके कुशल से तुम भी कुशल के साथ रहोगे।

2 इतिहास 7:14 तब यदि मेरी प्रजा के लोग जो मेरे कहलाते हैं, दीन होकर प्रार्थना करें, और मेरे दर्शन के खोजी होकर अपनी बुरी चाल से फिरे, तो मैं स्वर्ग में से सुनकर उनका पाप क्षमा करूंगा और उनके देश को ज्यों का त्यों कर दूंगा।

हमारे अगुवो के लिए प्रार्थना हेतु परमेश्वर का वचन

भजन संहिता 2:10-11 इसलिए अब, हे राजाओ बुद्धिमान बनो, हे पृथ्वी के न्यायियो, यह उपदेश ग्रहण करो। डरते हुए यहोवा की उपासना करो और कांपते हुए मगन हो।

नीतिवचन 11:14 जहां बुद्धि की युक्ति नहीं, वहां प्रजा विपत्ति में पढ़ती है, परंतु सम्मती देने वालों की बहुतायत के कारण बचाव होता है।

नीतिवचन 21:1 राजा का मन नालियों के जल के समान यहोवा के हाथ में रहता है, जिधर वह चाहता उधर उसको मोड़ देता है।

अय्यूब 12:23-25 वह जातियों को बढ़ाता, और उनको नष्ट करता है, वह उनको फैलाता, और बन्धुआई में ले जाता है। वह पृथ्वी के मुख्य लोगों की बुद्धि उड़ा देता, और उनको निर्जन स्थानों में, जहां रास्ता नहीं है, भटकाता है। वे बिन उजायाले के अंधेरे में टटोलते फिरते हैं, और वह उन्हें ऐसा बना देता है कि वे मतवाले के समान डगमगाते हुए चलते हैं।

नीतिवचन 2:1-8 हे मेरे पुत्र, यदि तू मेरे वचन ग्रहण करें, और मेरी आज्ञाओ को अपने हृदय में रख छोड़े, और बुद्धि की बात ध्यान से सुने, और समझ की बात मन लगाकर सोचे; और प्रवीणता और समाझ के लिए अति यत्न से पुकारे,और उसको चांदी के समान ढूंढे, और गुप्त धन के समान उसकी खोज में लगा रहे; तो तू यहोवा के भय को समझेगा, और परमेश्वर का ज्ञान तुझे प्राप्त होगा। क्योंकि बुद्धि यहोवा ही देता है; ज्ञान और समझ की बातें उसी के मुंह से निकलती है; वह सीधे लोगों के लिए खरी बुद्धि रख छोड़ता है; जो खराई से चलते हैं, उनके लिए वह ढाल ठहरता है। वह न्याय के पथो की देखभाल करता, और अपने भक्तों के मार्ग की रक्षा करता है।

प्रार्थना एवं गद्यांश

स्तुति और पुनुरुध्धार

परमेश्वर की स्तुति

यहोवा अनुग्रहकारी और दयालु, विलम्ब से क्रोध करने वाला और अति करुणामय है। यहोवा सभों लिए भला है, और उसकी दया उसकी सारी सृष्टि पर है। हे यहोवा, तेरी सारी सृष्टि तेरा धन्यवाद करेंगी और तेरे भक्त लोग तुझे धन्य कहा करेंगे। वे तेरे राज्य की महिमा की चर्चा करेंगे, और तेरे पराक्रम के विषय में बातें करेंगे कि वे आदमियों पर तेरे पराक्रम के काम और तेरे राज्य के प्रताप की महिमा प्रगट करें। तेरा राज्य युग युग का और तेरी प्रभुता सब पीढ़ियों तक बनी रहेगी। यहोवा सब गिरते हुए को संभालता है, और सब झुके हुए को सीधा खड़ा करता है।

भजन संहिता 145: 8-14

धन्य हैं आप प्रभु परमेश्वर, धन्य है आप हमेशा पवित्र हैं, आपका नाम धन्य है हमेशा के लिए, तेरे लोगों के लिए कृपा महान है, धन्य है तू सदैव के लिए । **आमीन**

परमेश्वर की संतान होने के लिए धन्यवाद

"क्योंकि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया ताकि जो कोई उस पर विश्वास करें वह नष्ट ना हो, परंतु अनंत जीवन पाए। **यूहन्ना 3:16**

परंतु जितनो ने उसे ग्रहण किया, उसने उन्हें परमेश्वर की संतान होने का अधिकार दिया, अर्थात उन्हें जो उसके नाम पर विश्वास रखते हैं। **यूहन्ना 1:12**

प्रेमी परमेश्वर- हमारे प्रति आपके अद्‌भुत और अनंतकालीन प्रेम के लिए हम आप की स्तुति करते हैं। अपने पुत्र को भेजने के लिए धन्यवाद, प्रभु यीशु संसार के पापों के लिए बलिदान है। हम धन्यवाद देते हैं कि जो कोई भी अपने विश्वास के द्वारा आप पर भरोसा रखते हैं, आप उन्हें अपनी संतान कहलाए जाने का अनुग्रह प्रदान करते हैं।उद्धार के आश्वासन के लिए हम आपको धन्यवाद देते हैं। हमारी सहायता करें कि हम आपके प्रेम के सुसमाचार को आज किसी के साथ बांट सकें।

क्षमा और नवीनीकरण

तब यदि मेरी प्रजा के लोग जो मेरे कहलाते हैं, दीन होकर प्रार्थना करें, और मेरे दर्शन के खोजी होकर अपनी बुरी चाल से फिरे, तो मैं स्वर्ग में से सुनकर उनका पाप क्षमा करूंगा और उनके देश को ज्यों का त्यों कर दूंगा। **2 इतिहास 7:14**

दयावंत परमेश्वर, हम आपके अभिवचनो पर विश्वास करते हैं, जैसा कि हम अपने को आपके सम्मुख नम्र करते हैं, और हमारे पापों के लिए क्षमा मांगते हैं। आप ने वादा किया है कि यदि हम अपने पापों को मान ले, तो वह हमारे पापों को क्षमा करने और हमें सब अधर्म से शुद्ध करने में विश्वास योग्य और धर्मी है। **1 यूहन्ना 1:9**

हमें हमारे देश के लिए आशीष बनाए और हमारे भूमि को चंगा करें।

मसीही जीवन

नमक और ज्योति होना

"तुम पृथ्वी के नमक हो; परंतु यदि नमक का स्वाद बिगड़ जाए, तो वह फिर किस वस्तु से नमकीन किया जाएगा? फिर वह किसी काम का नहीं, केवल इसके कि बाहर फेका जाए और मनुष्यों के पैरों तले रौंदा जाए। तुम जगत की ज्योति हो। जो नगर पहाड़ पर बसा हुआ है वह छिप नहीं सकता। और लोग दिया जलाकर पैमाने के नीचे नहीं परंतु दीवट पर रखते हैं, तब उसके घर के सब लोगों को प्रकाश पहुंचता है। उसी प्रकार तुम्हारा उजियाला मनुष्यों के सामने चमके कि वे तुम्हारे भले कामों को देखकर तुम्हारे पिता की, जो स्वर्ग में है, बड़ाई करें। **(मत्ती 5:13-16)**

जीवनदायी परमेश्वर, होने दे कि हमारे कार्य आपका ध्यान खीच सके, जिस समृद्धि को आप सभी के जीवन में लाते हैं और बहुतायत से बांटते हैं, वह हमारे लिए भी साझा करने के उदाहरण को स्थापित करता है। अंधकार से भरे हुए जीवन मे, रौशनी लाने में सहायता करें, बेहतर संसार के लिए उम्मीद को दे, एक ऐसी दुनिया जहाँ न्याय आपके बच्चों के द्वारा सदभाव में हो कर एक साथ रह कर वास्तविक बनाया जाए। नमक को जीवन मे उतारने में हमारी मदद करे। एक ऐसी दुनिया मे रहने में जीवन शक्ति और आनंद को प्रोत्साहित करें जो आप के द्वारा वादा किये गए भविष्य के लिए आशा करता है, जहाँ आप के सभी बच्चे अपने आप को प्यार करे और मूल्यवान और कीमती समझे, आपकी छवि में निर्मित, आप को हमेशा के लिए महिमा मिले।

दयावंत होना

एक दूसरे पर कृपालु और करुणामय हो, और जैसे परमेश्वर ने मसीह में तुम्हारे अपराध क्षमा किये, वैसे ही तुम भी एक दूसरे के अपराध क्षमा करो। (**इफिसियो 4:32**)

प्रिय प्रेमी एवं दयालु परमेश्वर,सभी वरदानों को देने वाले, आज हम आपके दया और प्रेम को हमें देने के लिए विशेष प्रार्थना करते हैं। हमारे हृदय और मन को आपके लिए खोलें हमें अनुग्रह दीजिए कि हम आपकी दया को ग्रहण करें सके। जैसा कि हम हर दिन जीते हैं, हम उन कम अनुग्रहित लोगों के लिए प्रार्थना करते हैं, विशेष रुप से उन लोगों के लिए, जो चोट पहुंचा रहे हैं और जिनके घाव को ठीक करने की आवश्यकता है। हमें व्यक्तिगत हिम्मत दें कि हम उनकी समस्याओं को सुन सके और उन समाधानो को खोजने में उनकी मदद करें, जिससे कि वे आपकी संतान और हमारे भाई बहन के रूप में बन सके।

चेला बनाना

यीशु ने उनके पास आकर कहा, स्वर्ग और पृथ्वी का सारा अधिकार मुझे दिया गया है। इसलिये तुम जाओ, सब जातियो के लोगो को चेला बनाओ; और उन्हें पिता, पुत्र, और पवित्र आत्मा के नाम से बपतिस्मा दो,और उन्हें सब बातें जो मैं ने तुम्हे आज्ञा दी है, मानना सिखाओ: और देखो मैं जगत के अंत तक सदा तुम्हारे साथ हूँ। (**मत्ती 28:18- 20**)

प्रिय प्रभु यीशु हम आनंदित हैं कि आपके पास स्वर्ग और पृथ्वी की सारे अधिकार हैं, और हम आपकी संतान हैं, आपके द्वारा सभी राष्ट्रों में चेला बनाने के लिए बुलाए और सुसज्जित किए गए हैं । हमें सक्षम बनाएं कि अपना जीवन उनके साथ बांट सकें, जिनके जीवन में पूर्णता नहीं है। हमें सहायता करें कि हम ऐसे जीवन जिये जो आपके नाम को महिमा दे सके। होने दे कि आपके राज्य के मूल हम में और दुनिया में हमारे माध्यम से प्रकट हो।

सुसमाचार की घोषणा

क्योंकि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा, कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करें वह नाश ना हो परंतु अनंत जीवन पाए। (**यूहन्ना 3:16**)

प्रिय प्रभु यीशु, हम जानते हैं किआप इस संसार में हमारे साथ रहने के लिए आए और संपूर्ण जगत को छुटकारा दिया, हमें अपने उद्धार के कार्यों का एक हिस्सा बनाने में सक्षम करें, ताकि हम आपके अनुग्रह के माध्यम बन सके। इस दुनिया में एक जीवित सुसमाचार होने के लिए हमें चुनौती दें, ताकि हम अपने जीवन के माध्यम से आप की गवाही दे सके। सभी को, आपको एक सुसमाचार के रूप में साझा करने के तरीकों को समझने के लिए हमें अपना ज्ञान दें।

घर

प्यार करने और ध्यान रखने वाले परिवार

हे पतियों, अपनी - अपनी पत्नी से प्रेम रखो जैसा मसीह ने भी कलीसिया से प्रेम करके अपने आप को उसके लिए दे दिया। (**इफिसियो 5:25**)

हे बच्चे वालों, अपने बच्चों को रिस ना दिलाओ, परंतु प्रभु की शिक्षा और चेतावनी देते हुए उनका पालन पोषण करो। (**इफिसियो 6:4**)

प्रिय प्रभु, कृपया हमारे घरों एवं परिवारों को एक दूसरे के प्रति प्रेम एवं आदर्श से भरे ताकि हम एक साथ आपके पवित्र नाम को महिमा दे सके। अपने आसपास केंद्रित एक सार्थक पारिवारिक जीवन जीने के लिए हमें चुनौती दे। हमें आपसी समझ के बारे में परिपक्व बनाये, ताकि हम अपने पारिवारिक जीवन में हिंसा से बच सकें। हमें अन्य जरूरतमंद परिवारों तक आपके प्रेम और दया के साथ पहुंचने में सक्षम बनाए।

बच्चे

तब लोग बालकों को उसके पास लाए कि वह उन पर हाथ रखे और प्रार्थना करें, पर चेलों ने उन्हें डांटा। यीशु ने कहा, " बालकों को मेरे पास आने दो, और उन्हें मना ना करो, क्योंकि स्वर्ग का राज्य ऐसो ही का है " । और वह उन पर हाथ रख कर वहां से चला गया। **(मत्ती 19:13-15)**

सर्व शक्तिमान परमेश्वर, हम बच्चों की उपेक्षा और हास्य और हमारे चर्च के कार्यक्रम और उन पर ध्यान केंद्रित ना करने और उन पर संसाधनों को खर्च ना करने के अपने पापों से पश्चाताप करते हैं। हम उस दासी लड़की के लिए धन्यवाद देते हैं, जिस की गवाही ने नामान, सीरिया के राजा के सेना का सेनापति, को एहसास दिलाया और और जीवित सच्चे परमेश्वर का गवाह बनाया। (**2 राजा 5:15**)

युवा

जवान अपनी चाल को किस उपाय से शुद्ध रखें? तेरे वचन के अनुसार सावधान रहने से। भजन संहिता 119: 9

कृपालु परमेश्वर, हम आपके अनुग्रह के सिंहासन को ऊंचा उठाते हैं। बहुमूल्य जवान लोग जो आपने हमारी कलीसिया और देश को दिया है। हम प्रार्थना करते हैं कि आप आज के युवाओं को आपके लिए तरसने और आपके वचनों में जीने की भूख से भर दे। उन्हें आपके सुसमाचार और आपके कार्य को दूसरों के जीवन में बांटने का जुनून दे। उन्हें बुराई से छूड़ा और उन्हें धार्मिकता और भले कामों की राह पर स्थिर कर। होने दे, जिस स्थान पर भी आप उन्हें रखें वह राष्ट्र के लिए आशीष हो, और आप के राजदूत हो।

बुजुर्ग

बुढ़ापे के समय मेरा त्याग ना कर, जब मेरा बल घटे तब मुझको छोड़ ना दे। (भजन संहिता 71: 9)

प्रिय पिता परमेश्वर, हमारे बुजुर्गों के लिए हम धन्यवाद देते हैं। हम धन्यवाद देते हैं, उस ज्ञान और अनुभवों के लिए जो उनके पास हैं और उस इच्छा के लिए जिससे वे संसाधनों द्वारा हमारी मदद करते हैं। हम धन्यवाद देते हैं उनके, जीवनों की आशीषो के लिए और हम प्रार्थना करते हैं कि आप अपनी महिमा के लिए उन्हें स्वस्थ, आनंदित एवं फ़लवंत रखें। उन्हें शांति, आनंद और संतोष से भरे ताकि वह सदैव आपके प्रेम और दया को प्रगट कर सके।

बच्चों का संपूर्ण विकास

यहोवा का भय मानना बुद्धि का मूल है, बुद्धि और शिक्षा को मुड़ ही लोग तुच्छ जानते हैं। (**नीति वचन 1:7)**

और यीशु बुद्धि और डील-डौल में, और परमेश्वर और मनुष्यों के अनुग्रह में बढ़ता गया। (**लुका 2:52)**

बुद्धि के परमेश्वर, हम निवेदन करते हैं कि सभी शैक्षणिक संस्थाएं ऐसे ज्ञान का समावेश करें, जिससे विद्यार्थियों का सर्वागींण विकास - शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आत्मिक विकास में सहायक हो। संसार समझ सके कि आप ज्ञान का स्रोत हो और आप को जानने के द्वारा हम अपने जीवन का मतलब और उद्देश्य खोज सके| हम प्रार्थना करते हैं कि पूरे विश्व में बच्चों को अध्ययन का अवसर मिले और कोई भी बच्चा उसके विश्वास, लिंग और गरीबी पर आधारित सीख से मिलने वाले आनंद से वंचित ना हो।

देश एवं अगुओ के लिए

राष्ट्र के लिए प्रार्थना

> क्या ही धन्य है वह जाती जिसका परमेश्वर यहोवा है, और वह समाज जिसे उसने अपना निज भाग होने के लिए चुन लिया हो। **भजन संहिता 33:12**

हे न्याय एवं शांति के परमेश्वर, आप राजाओं के राजा और शासकों के प्रभु हैं। आप सभी शासकों और उनके लोगों को जो आपका आदर और सेवा करते हैं आशीष दीजिए। हमारे देश को आशीष दीजिए, हे परमेश्वर हम अपने देश और अपने देश में रहने वाले, सभी लोगों के लिए प्रार्थना करते हैं। सभी शासकों और अधिकारियों को अपनी ज्ञान, बुद्धि और समझ दीजिए। आप का भय मानने और आप का आदर करने में उनकी सहायता कीजिए। होने दीजिए कि वे हमारे लोगों का न्याय करें। आपकी धार्मिकता से हमारे देश को भर दीजिए। होने दीजिए कि अंधकार की शक्ति, उपहास, दुष्टता,अशुद्ध आत्मा की शक्ति नष्ट हो। होने दीजिए हमारे देश में शांति और उन्नति आए। प्यारे परमेश्वर हम अपने देश के लोगों के लिए प्रार्थना करते हैं उनके हाथों के कार्यों पर आशीष हो, हमारे देश में दूध और मधु की धारा बहने पाए। खलिहान भरा हो। आपका आनंद हमारे हृदय पर कब्जा करें। आपकी शांति हमारे देश को नियंत्रित करें। आपके न्याय से हमारा देश भर जाए। होने दीजिए कि आपकी धार्मिकता हमारे जीवन को नियंत्रित करें। प्यारे परमेश्वर हमारे देश के हर एक लोगों पर अपनी आशीष उंडेल दीजिए। आज और हमेशा हमारी सहायता कीजिए कि हम स्वतंत्रता, शांति और उन्नति का जीवन जी सके। हे सर्वशक्तिमान परमेश्वर हमारे देश को आशीष दीजिए और सभी को सच्ची स्वतंत्रता के विचार, न्याय, भाईचारा दीजिए देश को महान बनाइए।

राजनैतिक नेताओं के लिए प्रार्थना

अब मैं सबसे पहले यह आग्रह करता हूं कि विनती, और प्रार्थना, और निवेदन, और धन्यवाद, सब मनुष्यों के लिए किए जाएं।राजाओं और सब उचे पद वालों के निमित्त इसलिए कि हम विश्राम और चैन के साथ सारी भक्ति और गंभीरता से जीवन बिताएं। यह हमारे उद्धार करता परमेश्वर को अच्छा लगता और भाता भी है, जो यह चाहता है कि सब मनुष्यों का उद्धार हो, और वे सत्य को भली-भांति पहचान ले। (**1 तीमुथियुस 2:1-4**)

हे शक्ति और पराक्रम के परमेश्वर, ज्ञान और न्याय, आपके अधिकार के माध्यम से सही तरीके से प्रशासित किया जाता है, कानून बनाए जाते हैं, और न्याय का निर्णय लिया जाता है। अपनी सलाह एवं धैर्य की आत्मा के द्वारा देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सांसद, विधायक एवं अन्य राजनीतिक नेताओं की सहायता कीजिए। वे हमेशा धार्मिकता, न्याय एवं दया का मार्ग निकालें। होने दीजिए कि वे आपके सामर्थी सुरक्षा के द्वारा हमारे देश की अगुवाई, सच्चाई एवं अखंडता से कर सकें।

सशस्त्र बल

धन्य है यहोवा, जो मेरी चट्टान है, वह मेरे हाथों को लड़ने, और युद्ध करने के लिए तैयार करता है। वह मेरे लिए करुणानिधान और गढ़, ऊंचा स्थान और छुड़ाने वाला है, वह मेरी ढाल और शरणस्थान है, जो मेरी प्रजा को मेरे वश में कर देता है। **भजन संहिता 144:1-2**

दयालु परमेश्वर, हम आपकी प्रशंसा करते हैं, कि आप ने अपने अनुग्रह से हर एक स्त्री और पुरुष को जो देश और विदेश में सशस्त्र बल में है, उन्हें संभालते है। अपने स्वर्गीय अनुग्रह से दिन-ब-दिन संभालिए। उन्हें उनके संकट और परीक्षा में सामर्थ दीजिये। विषम परिस्थितयो का सामना करने के लिए उन्हें साहस दीजिए। और उनकी सहायता कीजिए कि वे इस बात को जाने कि कोई उन्हें आपके प्रेम से अलग नहीं कर सकता।

न्यायालय और न्यायिक व्यवस्था के लिए प्रार्थना

तेरे सिन्हासन का मूल धर्म और न्याय है करुणा और सच्चाई तेरे आगे आगे चलती है। **भजन संहिता 89:14**

प्रिय परमेश्वर, आप धार्मिकता से प्रेम करते हैं, और अधर्म से घृणा करते हैं और आप ही धर्मी हो। आपके राज्य का राजदंड (अधिकार) ईमानदारी का राजदंड है और आपकी संप्रभु सत्ता की नींव धार्मिकता और न्याय है। हम भारत के संविधान के लिए आप का धन्यवाद करते हैं जो लोकतंत्र और समानता को ऊंचा उठाता है। हम सभी न्यायाधीशों, वकीलों और न्यायालय कर्मियों के लिए प्रार्थना करते हैं; आप उन्हें अधिक बुद्धि और अपने भय से आशिषित करें ताकि कानून का शासन बरकरार रहे। हम उन मामलों के लिए प्रार्थना करते हैं जो अदालतों में लंबित है, कि उन्हें जल्द सुना और सुलझाया जा सके और न्याय प्रणाली शोषणकारी या भ्रष्ट या अत्यधिक महंगी और गरीबों के वश से बाहर ना हो।

प्रशासन कर्मचारी

हर एक अपने ही हित की नहीं, वरन दूसरों के हित की भी चिंता करें। **फिलिपियो 2:4**

प्रिय प्रभु यीशु मसीह, हम सभी प्रशासन कर्मचारी को आपके देखरेख में देते हैं, और उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए धन्यवाद करते हैं। हम प्रार्थना करते हैं कि उनका दिल उन लोगों और समुदायों के प्रति संवेदनशील हो, जिनकी वे सेवा करते हैं, ताकि वे दूसरों के हितों को अपने से पहले रखें। हम विशेष रूप से उन लोगों के लिए प्रार्थना करते हैं जिन्हें हम नाम से जानते हैं।

पुलिस और कानून प्रवर्तन एजेंसियां

कंगाल और अनाथो का न्याय चुकाओ, दीन दरिद्र का विचार धर्म से करो। कंगाल और निर्धन को बचा लो, दुष्टों के हाथ से उन्हें छुड़ाओ। **भजन संहिता 82:3-4**

सामर्थी परमेश्वर, हम प्रार्थना करते हैं, कि आप हमारे प्रिय पुलिस अधिकारियों पर कृपा बनाये रखें, और उन्हें अपने प्रेम के साथ सुरक्षित रखें, कृपया उनका मार्गदर्शन करें क्योंकि वे दिन और रात दोनों समय हमारी रक्षा में लगे रहते है। और उन्हें अपनी देखरेख में मजबूती से पकड़े ताकि उनके रास्ते में खतरा ना हो। उन्हें सच्ची शक्ति और साहस दे क्योंकि वे कर्तव्य के अंत तक सेवा करते हैं और कृपया उनके परिवारों और दोस्तों की भी रक्षा करें।

पेशेवर स्वास्थ्य देखभाल

देख, मैं इस नगर का इलाज करके इसके निवासियों को चंगा करूंगा, और उन पर पूरी शांति और सच्चाई प्रकट करूंगा। **यिर्मयाह 33:6**

हे दयालु प्रभु, जिसने मानव जाति को विशेष प्रणाली वाला और अपने स्वयं के स्वरूप में रचा, और हमारे शरीर को पवित्र आत्मा और पवित्रता का मंदिर होने के लिए बनाया। हम आपसे प्रार्थना करते हैं, हमारे डॉक्टरों और नर्सों के लिए जिनको आपने बीमारी से चंगाई और दर्द से छुटकारा के कला हेतु अध्ययन और अभ्यास के लिए बुलाया है। अपने जीवनदाई आत्मा के द्वारा उन्हें शक्ति दे, कि उनके मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य समुदाय को बढ़ावा मिले और आपकी रचना को महिमा मिले।

शिक्षक

शिक्षा को पकड़े रह, उसे छोड़ ना दे, उसकी रक्षा कर, क्योंकि वही तेरा जीवन है। **नीति वचन 4:13**

प्रिय प्रभु, हमारे शिक्षकों को आपकी बुद्धि की बहुतायत प्रदान करें। हमारे प्रिय जनों का स्वागत और प्यार करने के लिए उनके दिलों को तैयार करें, और बदले में हम भी उन्हें प्यार और सम्मान दें। उन्हें अनुग्रह दें क्योकी वे उन छात्रों की मदद करते हैं जो संपन्न नहीं है, आवश्यकतानुसार कहने की हिम्मत दे, कब और कैसे प्रेम और हिम्मत से बोलने के लिए ज्ञान और हथियार दें, खासकर जब वे कमजोर महसूस करें। जब वे अनदेखी महसूस करते हैं, तो उन्हें याद दिलाएं की कोई भी क्षण अनदेखा नहीं है। वे आकार दे रहे हैं भविष्य में एक लाख छोटे बच्चे - फिर भी अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण – तरीको से हर दिन। हमारे बच्चों को सिखाने के वरदानों को बांटने हेतु हम आभार से अभिभूत हैं। प्रभु, उन्हें आशीषित करें, और वे सिर्फ एक झलक देखें कि, कैसे उनकी ईमानदारी हमेशा आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करेगी।

ईमानदारी और पारदर्शिता

इसलिए कर भी दो क्योंकि शासन करने वाले परमेश्वर के सेवक हैं।और सदा इसी काम में लगे रहते हैं। इसलिए हर एक का हक चुकाया करो, जिसे कर चाहिए उसे कर दो, जिसे महसुल चाहिए उसे महसूस दो, जिसे डरना चाहिए उस से डरो, जिस का आदर करना चाहिए उसका आदर करो। **रोमियो 13:6-7**

विश्वासयोग्य परमेश्वर,होने दे कि आप के लोग ईमानदारी और पारदर्शिता के उदाहरण बन सके।हमारी मदद करें कि हम विश्वासयोग्य जीवन जी सकें, और अपने जीवन के सभी क्षेत्रों में भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज उठा सके।

भ्रष्टाचार

जब धर्मी लोग शिरोमणि होते हैं, तब प्रजा आनंदित होती है, परंतु जब दुष्ट प्रभुता करता है तब प्रजा हाय हाय करती है। **नीति वचन 29:2**

न्यायी परमेश्वर आप सदैव अपने सभी सृजन का प्रावधान करते हैं, सो होने दे सभी आपके इच्छा अनुसार जीवन जी सकें, आपने हमारे देश को धनाढ्य व्यक्तियो और प्राकृतिक संसाधनों से आशीषित किया है, ताकि आपका आदर और महिमा और हमारे सभी नागरिकों के सामान्य भलाई के लिए इस्तेमाल किया जाए। आपके इन वरदानो और आशीषों को अन्याय, रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार के द्वारा गलत उपयोग करने के लिए गहराई से क्षमा मांगते हैं। जिसके फलस्वरूप हमारे बहुत से लोग भूखे, बीमार, और अज्ञानी, हैं। हम विश्वास करते हैं कि केवल आप ही हमें और हमारे देश को इस बीमारी से चंगा कर सकते हैं । इसलिए हम आपसे अपने जीवन और हमारे नेताओं और लोगों के जीवन को छूने का अनुरोध करते हैं ताकि हम सभी रिश्वत और भ्रष्टाचार की बुराई को महसूस कर सकें और इसे खत्म करने के लिए कड़ी मेहनत कर सकें। हमारे लिए परमेश्वर का भय मानने वाले नेताओं को खड़ा करें जो हमारी देखभाल करेंगे जो हमें समृद्धि, इमानदारी और सामान्य भलाई के लिए अगुवाई करेंगे।

धन का समान वितरण

परन्तु तू अपने परमेश्वर को स्मरण रखना ,क्योंकि वही है जो तुझे सम्मति प्राप्त करने की समर्थ इसलिए देता है, की जो वाचा उसने तेरे पूर्वजो से सपथ खाकर बाँधी थी उसको पूरा करे, जैसा आज प्रगट है। **व्यवस्था विवरण 8:18**

मेरा परमेश्वर भी अपने उस धन के अनुसार जो महिमा सहित मसीह यीशु में है,तुम्हारी हर एक घटी को पीड़ा करेगा। **फिलिपियो 4:19**

जीवन के परमेश्वर, हम प्रार्थना करते है कि यह जो भी संसाधन से आपने हमे आशीषित किया है उसका न्यायोचित और समान वितरण हो। होने दे कि पूरे संसार में लोग आपको सारे धन के स्रोत के रूप में पहचाने और सभी संसाधनों के विश्वासयोग्य भंडारी हो सके।आपके आत्मा के द्वारा हमें हमारे लालच पर काबू पाने और हमारे जीवन में धन की पकड़ को ढीला करने के लिए सहायता करें। धन की बजाय लोगों की सहायता करने में हमारी मदद करें और हमें हर्ष से देने वाला बनाएं। ताकि ना तो किसी के पास कम और ना किसी के पास अधिक हो।

अर्थव्यवस्था

परंतु तू अपने परमेश्वर यहोवा को स्मरण रखना, क्योंकि वही है जो तुझे संपत्ति प्राप्त करने की सामर्थ इसलिए देता है, कि जो बचा उसने तेरे पूर्वजों से शपथ खाकर बांधी थी उसको पूरा करें, जैसा आज प्रकट है। **व्यवस्था विवरण 8 :18**

अनुग्रहकारी परमेश्वर, हम जानते हैं कि आपका प्रेम अनंतकालीन है, और आप हमारे जीवन के सभी क्षेत्रों के बारे में ध्यान करते हैं। इस असुरक्षित अर्थव्यवस्था के समय में विश्वास करने में सहायता करें कि हमारी सुरक्षा आप में है। हमें ध्यान में रहे कि आप सदैव हैं, और हमेशा हमारी जरूरतों का प्रावधान करेंगे। आप से अलग होकर हम कुछ नहीं कर सकते।

दयालु प्रभु, हम आप से मांगते हैं कि हमारे नेताओं को ज्ञान दे कि वह हमारे देश और दुनिया को वर्तमान आर्थिक परेशानियों से बाहर आने के लिए अगुवाई करें। उनकी जरूरतों को पूर्ण करें और उन्हें आशा दें। उनके लिए नए अवसरों को खोलें और उन संसाधनों को प्रस्तुत करें जिसकी आवश्यकता उन्हें गरिमा के साथ जीने के लिए चाहिए। जिनके पास पर्याप्त आवश्यक संसाधन है उन्हें प्रोत्साहित करें कि वे नम्रता, महानता, और प्रेमी हृदय के साथ बांटे जिनके पास जीवन की आवश्यक संसाधनों की कमी है।

न्याय के लिए प्रार्थना

तो तू यहोवा के भय को समझेगा और परमेश्वर का ज्ञान तुझे प्राप्त होगा । **नीति वचन 2:5**

प्रिय प्रभु हम चाहते हैं कि आप का भय जो सभी बुद्धि का आरंभ है, वह उन सभी पर उंडेला जाए, जो देश में न्याय को परिभाषित करने में निर्णय लेते हैं। लोगों के हृदय को अपने प्रेम के आग और सभी के लिए सुनिश्चित न्याय की इच्छा के साथ भरे।

धर्म की स्वतंत्रता

हे प्रभु, हमारे निर्माणकर्ता, आपकी किफायती हाथ से हमने अपने जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार को प्राप्त किया। आपने हमें अपने लोगों के रूप में बुलाया और एक मात्र सच्चे परमेश्वर और आपके पुत्र यीशु मसीह की आराधना करने का अधिकार और कार्य दिया। आपके पवित्र आत्मा के कार्य और सामर्थ्य के द्वारा आपने हमें संसार के बीच में हमारे विश्वास को जीने के साथ समाज के हर क्षेत्र में रोशनी लाने और सुसमाचार की सच्चाई को सहेजने के लिए बुलाया है। हम मांगते हैं कि धार्मिक स्वतंत्रता के वरदान के लिए हमारी जागरूकता को आशीषित करें। हमें धमकी दी जाने पर भी अपने स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए मन और दिमाग को हिम्मत दें; अपने कलीसिया के अधिकारों और सभी विश्वासी लोगों की अंतरात्मा की स्वतंत्रता की ओर से सुनी गई आवाज को अपना बनाने में साहस दे।

(पखवाड़े से आजादी के लिए 2012 के कैथोलिक बिशप के अमेरिकी सम्मेलन द्वारा धार्मिक स्वतंत्रता के संरक्षण के लिए प्रार्थना से अनुकूलित)

विशेष प्रार्थना covid-19

मत डर, क्योंकि मैं तेरे संग हु, इधर-उधर मत ताक, क्योंकि मैं तेरा परमेश्वर हूं; मैं तुझे दृढ़ करूंगा और तेरी सहायता करूंगा, अपने धर्ममय दाहिने हाथ से मैं तुझे संभाले रहूंगा।   **यशायाह 41:10**

प्रिय प्रभु जब हम चुनौतीपूर्ण समय में चलते हैं, तो हम विपुल मात्रा में आपके प्रेम और करुणा के लिए प्रार्थना करते हैं। हम उनके लिए बुद्धि मांगते हैं जो व्यापक परिणाम के साथ निर्णय लेने का भार बहन करते हैं।हम प्रार्थना करते हैं जो बीमारी से ग्रसित है और उनके लिए जो उनकी देखभाल कर रहे हैं। हम बुजुर्ग और कमजोरो की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करते हैं, ताकि वायरस के जोखिम के अधीन में ना हो।

हम गलत सूचना पर अंकुश लगाने के लिए प्रार्थना करते हैं, कि भय दिलो और दिमागो में कोई पकड़ ना बना ले। जैसा कि हम अच्छी भावना का उपयोग करते हैं कि आप अपनी दया प्रदान करें, होने दे कि हम भी प्रतिदिन विश्वास और शांति के निकट आ सके, हमारे प्रति आपकी अच्छाई की सच्चाई पर भरोसा है।

कोविड-19 के समय में मदर्स यूनियन की एक प्रार्थना

चंगाई का परमेश्वर, संपूर्णता का परमेश्वर

हम अपने टूटेपन, अपनी पाप बुद्धिता, अपने भय और निराशा को आपके चरणों में डालते हैं।

चंगाई का परमेश्वर संपूर्णता का परमेश्वर।

हम हमारे दिल और हाथ, मन और आत्मा को आपके स्पर्श को महसूस करने के फैलाते हैं और जानते हैं कि केवल आप ही शांति ला सकते हैं।

चंगाई के परमेश्वर, संपूर्णता के परमेश्वर, आपकी उपस्थिति और सामर्थ्य के इस बहुमूल्य घड़ी में हममें विश्वास और आत्मविश्वास को अनुमति दें कि यहां टूटे, अधूरे जीवन संपूर्ण बन जाए।

एक समकालीन अंगीकार जॉन सी बर्च द्वारा (https://faithandworship.com, 2016)

बच्चों का जोखिम

जब हेरोदेश ने यह देखा, कि ज्योतिषियों ने उसके साथ धोखा किया है, तब वह क्रोध से भर गया, और लोगों को भेजकर ज्योतिषियों द्वारा ठीक-ठीक बताए गए समय के अनुसार बेथलहम और उसके आसपास के स्थानों के सब लड़कों को जो 2 वर्ष के या उससे छोटे थे, उन्हें मरवा डाला। **मत्ती 2:16**

सशक्त परमेश्वर, हम प्रार्थना करते हैं, कि आप आज सभी राष्ट्रों के बच्चों के साथ हो, खासकर उनके साथ जो छोड़ दिए हो, अनाथ, बेसहारा, तस्करी या दुरुपयोग किए जाते है। हो सके सरकार और लोग इस दुर्पयोगिता पर रोक लगाएं और आप के लोग तस्करी और दुर्व्यवहार करने वाले बच्चों के बचाव, और पुनर्वास का नेतृत्व करें।

गरीब और पीड़ित

उदारता से भूखे की सहायता करें और दीन दुखियों को संतुष्ट करें, तब अंधेरे में तेरा प्रकाश चमकेगा, और तेरा घोर अंधकार दोपहर का से उजियाला हो जाएगा। **यशायाह 58:10**

प्रिय प्रभु परमेश्वर आप छोटो से छोटो को अर्थात न्यूनतम को आदर देने आए थे, जो भुला दिए गए, अनदेखे और गलत थे, आप अंतिम को प्रथम स्थान देने आए जो पीछे छोड़ दिए गए, जिन्हें गलत समझा गया और जिनका मूल्य नहीं समझा गया। आप खोए हुए, जो अनाथ हो गए थे, छोड़ दिए गए, और बेसहारा थे उनका गर्मजोशी से स्वागत करने आए।सहायता करें कि हम आपके कान हो सके, जो उनके रोना रोने को सुनें। सहायता करें कि हम आपकी आवाज बने, जो प्रेम और स्वीकारिता को बोल सके। मदद करें कि हम आपके पैर बन सके और जरूरतमंदों के पास जा सके। मदद करें कि हम आपका हाथ बन सके और कपड़ा खाना और मकान दे सके ।

गरीब परिवर्तन का माध्यम

एक छोटा सा नगर था, जिसमें थोड़े ही लोग थे, और किसी बड़े राजा ने उस पर चढ़ाई करके उसे घेर लिया, और इसके विरुद्ध बड़ी मोर्चाबंदी कर दी। परंतु उसमें एक दरिद्र बुद्धिमान पुरुष पाया गया, और उसने उस नगर को अपनी बुद्धि के द्वारा बचाया। तो भी किसी ने उस दरिद्र पुरुष का स्मरण ना रखा। तब मैंने कहा "यद्यपि दरिद्र की बुद्धि तुच्छ समझी जाती है, और उसका वचन कोई नहीं सुनता तो भी पराक्रम बुद्धि उत्तम है " **सभोपदेशक 9:14-16**

उदारता से भूखे की सहायता करें और दीन दुखियों को संतुष्ट करें, तब अंधियारे में तेरा प्रकाश चमकेगा, और तेरा घोर अंधकार दोपहर का सा उजियाला हो जाएगा। **यशायाह 58:1**

न्यायी परमेश्वर, हमने यह महसूस किया कि गरीब भी परिवर्तन का एक जरिया है। हम अपने देश के अमीर व्यक्ति और शासकों के लिए प्रार्थना करते हैं, कि वे अपनी शक्ति का इस्तेमाल गरीबों को दबाने और भेदभाव में ना करें। वरन उनके विकास के लिए अवसर और संसाधन प्रदान करें ।होने दे कि सारे पृथ्वी में आपकी कलीसिया द्वारा पूरे विश्व में बीमारी, गरीबी, कुपोषण से जूझ रहे लोगों के प्रति आपके बोझ को ले सके।

अपाहिज

तब अंधों की आंखें खोली जाएगी, और बहिरो के कान भी खोले जाएंगे। **यशायाह 35: 5**
प्रिय दयालु प्रभु परमेश्वर, यीशु मसीह में होकर आपने उनकी देखभाल की जो अंधे, बहरे, अपंग और सीखने में धीमें थे। हम विभिन्न क्षमताओ वाले, विविध लोगों के रूप में आते है। हमें आपसी सहयोग से एक दूसरे को समृद्ध करने में सक्षम बनाएं ।हालांकि हम समझते हैं कि हम केवल आपके द्वारा ही सक्षम है , विनम्रता पूर्वक स्वीकार करते हैं, हमारे बीच कुछ को विशेष देखभाल और समर्थन की आवश्यकता है। हमें उन दोस्तों के लिए अपनी बाहें फैलाने के लिए सुसज्जित करें जो आवश्यकता में है, ताकि आपका प्रेम खिल उठे और हमारे आपसी कार्यों में प्रकट हो सके।

कैदी

कैदियों की ऐसी सुधि लो कि मानो उनके साथ तुम भी कैद हो, और जिनके साथ बुरा बर्ताव किया जाता है, उनकी भी यह समझ कर सुधि लिया करो कि हमारी भी देह हैं। **इब्रानियों 13 :3**

प्रिय प्रभु यीशु मसीह, हमें उन लोगों तक पहुंचना सिखा जो जेल में है, हमें यह पता है की हम सब पापी हैं और मसीह की धार्मिकता में जीने के लिए हमें दूसरा मौका दिया गया है।

बेघर

तब राजा अपनी दाहिनी ओर बालों से कहेगा, हे मेरे पिता के धन्य लोगों आओ, उस राज्य के अधिकारी हो जाओ, जो जगत के आदि से तुम्हारे लिए तैयार किया गया है। क्योंकि मैं भूखा था, तुमने मुझे खाने को दिया; मैं प्यासा था, और तुमने मुझे पानी पिलाया; मैं परदेसी था, और तुमने मुझे अपने घर में ठहराया; मैं नंगा था, और तुमने मुझे कपड़े पहनाये; मैं बीमार था, और तुमने मेरी सुधि ली; मैं बंदी गृह में था, और तुम मुझसे मिलने आए। **मत्ती 25: 34 - 36**

दयालु परमेश्वर, मानवता के लिए आपका प्रेम यीशु में प्रकट हुआ था, जिसका सांसारिक जीवन एक गरीबी में शुरू और क्रूस के दर्द और अलगाव में समाप्त हुआ; हम जरूरतमंदों और बेघर को आपके सम्मुख लाते हैं, उन्हें अपने निकट बुलाए और आत्मा में आराम दे, और उन्हें भी आशीष दे जो ऐसो को घर, भोजन और मित्रता प्रदान करने का कार्य करते हैं। होने दें कि आप की कलीसिया उनके लिए विश्राम और दोस्ती का स्रोत हो।

दुर्व्यवहार और हिंसा पीड़ित लोगों के लिए प्रार्थना

हे यहोवा, तूने नम्र लोगों की अभिलाषा सुनी है; तू उनका मन तैयार करेगा, तू कान लगाकर सुनेगा की अनाथ और पिसे हुए का न्याय करें ताकि मनुष्य जो मिट्टी से बना है फिर भय दिखाने ना पाए। **भजन संहिता 10:17-18**
सर्वशक्तिमान परमेश्वर, हम सभी दुर्व्यवहार और हिंसा से प्रताड़ित लोगों के लिए प्रार्थना करते हैं, हम चाहते हैं कि आप उन्हें अपने प्रेम के द्वारा अपनी सुरक्षा और आपके द्वारा किए गए देखभाल से घेरे, और उन्हें अनुमति दें कि वे अपने स्वास्थ्य, चंगाई, संपूर्णता, ताकत, धीरज, शांति और प्रेम में आनंद कर सकें। हम प्रार्थना करते हैं कि वे ज्यादातर आपकी उपस्थिति को महसूस करें और आपमें आत्मविश्वासी बने। प्रभु परमेश्वर, आपका अपना पुत्र दुष्टों के हाथ में छोड़ दिया गया, तब भी उसने अपने सताने वालों के लिए प्रार्थना किया और क्रूस के लहू के द्वारा घृणा पर विजय प्राप्त कर लिया। उन लोगों को अनुमति दें जो हिंसा के विरुद्ध खड़े हो, आपकी सुरक्षा और देखभाल में मन की शांति और विश्वास का नवीनीकरण करे। अन्य हिंसाओं से हम हर एक की रक्षा करे, घृणा के हथियार से हमे सुरक्षित रखें और हमारे लिए धीरज शांति को पुनः स्थापित करें।

दुर्व्यवहार और लिंग हिंसा पीड़ित महिलाओं के लिए प्रार्थना..

यहोवा पीसे हुए के लिए ऊंचा गढ़ ठहरेगा, और संकट के समय के लिए भी ऊंचा गढ़ ठहरेगा। **भजन संहिता 9:9**

महान परमेश्वर, हम आप का धन्यवाद करते हैं कि आपने हमें छुपी हुई, और घरेलू लिंग हिंसा को नाम देने के लिए हमें चुप्पी से बाहर किया है। हम उन सभी महिलाओं के लिए प्रार्थना करते हैं, जो पीड़ित होने के बावजूद, लगातार अपने परिवार और बच्चों की देखभाल, उन्हें बड़ा करना और भोजन तैयार करना, पानी ढोना, जीविका अर्जित करना, और दूसरों को सहायता प्रदान करना जारी रखते हैं। हम उन महिलाओं के लिए प्रार्थना करते हैं जो घरेलू और यौन कर्मियों के रूप में काम या तस्करी करती हैं; उनके लिए जिनके साथ दुराचार हुआ हो, और जिनके पास भविष्य के लिए ना कोई रास्ता है और ना ही अपने दर्द को बयान करने के लिए कोई शब्द। हम समाजों में परिवर्तन के लिए प्रार्थना करते हैं। जिससे कि हिंसा पीड़ितों का न्याय करना भी आसान हो और अन्याय की समस्याओं का हल करना भी। हम प्रार्थना करते हैं कि महिलाओं की आवाज सुनी जा सके और सभी शांति और सुलह कार्य में ध्यान दिया जाए। हम हिंसक तरीके से बदलाव के लिए प्रार्थना करते हैं, बहुत से पुरुष इस बारे में महिलाओं के लिए सोचते हैं। हम प्रार्थना करते हैं, शांति के युग के लिए तत्पर हैं, जब हिंसा निर्वाचित हो जाएगा, पुरुष और महिला दोनों प्यार करने और प्यार पाने में सक्षम होंगे, और कार्य और धन का हमारे संसार में न्यायपूर्ण वितरण होगा।

मीडिया मनोरंजन और खेल

इसलिए हे भाइयों, जो जो बातें सत्य हैं, और जो जो बातें आदरणीय हैं, और जो जो बातें उचित है, और जो जो बातें पवित्र है, और जो जो बातें सुहावनी है, और जो जो बातें मन भावनी हैं, अर्थात जो भी सद्‌गुण और प्रशंशा की बाते है। उन पर ध्यान लगाया करो। **फिलिपियो 4:8**

जीवनदाई परमेश्वर, आप सभी वस्तुओं के बनाने वाले है, और आपने हमें अपने स्वरूप में बनाया है। इसलिए हम आपके जैसे सृजे गए हैं। हम अपने जीवन में मीडिया और खेल के अपार प्रभाव को स्वीकार करते हैं । हम प्रार्थना करते हैं कि दुनिया जो चीजों को देखती, सुनती, पड़ती, और गौर करती है, उनसे आप की महिमा हो। वह आपको गौरवान्वित करें। होने दें कि मीडिया द्वारा दिए गए घटना की सूचना निष्पक्ष तरीके से हो, जो केवल सत्य का संचार करें, प्रचार प्रसार का नहीं। हम प्रेस की स्वतंत्रता के लिए प्रार्थना करते हैं कि हमारे देश में इसे बरकरार रखा जाए और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पनपने हेतु भी। हम प्रार्थना करते हैं की खेल समाज समाज को विभाजित करने के बजाए संयुक्त करेगा। कला और मनोरंजन उद्योग रचनात्मक हो और सुंदर और शुद्ध जशन मनाए। रचनात्मकता संसार को आप तक वापस लाने का नेतृत्व करते हैं।

सताई हुई कलीसिया के लिए प्रार्थना - रिलीज इंटरनेशनल के द्वारा

सर्वश्रेष्ठ परमेश्वर, हम आपकी आराधना करते है, और हम स्वीकार करते हैं, कि आप उन सभी को जानते हैं जो आपके नाम से पीड़ित हैं ।

हम उन्हें स्मरण करते हैं जो उनके विश्वास के लिए जेल में हैं। और चाहते हैं कि वह प्रेरित पौलुस से जुड़कर यह देखेंगे की भले ही वो बंदी बने रहे पर जंजीरों में आगे सुसमाचार है, निराशा नहीं।

हो सके वह परमेश्वर के वचन को अधिक साहस और निडरता से बोलने के लिए अपने साथी विश्वासियों को प्रेरित करें।

सभी सांत्वना के परमेश्वर, उनके लिए जो मन और शरीर दोनों में पीड़ित हैं, उन्हें सहने की कृपा दो और मसीह के नक्शे कदम पर चलने के कारण हुए उनकी पीड़ा को देखें।

दयालु परमेश्वर

उनके लिए मांगते हैं जिन्होंने उत्तम कीमत अदा की, जो आपके लिए आपके प्रति अपने प्रेम के कारण शहीद हुए हैं, क्या वे वास्तव में मसीह और उसके पुनुरुथान की शक्ति और उसके कष्टों की गवाही की संगति को जान सकते हैं, और उसके और उसके मृत्यु के समान बन सकते हैं। **पिता परमेश्वर,** जो विधवा और अनाथ हो गए हैं। होने दे कि वे आप से आने वाली शांति को पाएं, तब जब वह दुखों में चल रहे हैं । होने दे कि आपकी आत्मा के द्वारा शांति पाएं,भजनकार के साथ उन्हें आनंद में सक्षम करें जैसा उन्होंने घोषणा किया है, कि वह उन्हें मृत्यु में ना छोड़ेगा।स्वर्गीय पिता हम मांगते हैं कि दुनिया के चारों ओर हमारे भाई बहन जो आपके नाम से सह रहे हैं उनकी जरूरतों के लिए हम उनके साथ खड़े हो और हमें हमेशा उनका ध्यान रहे।

हमें सिखाएं कि मेमने के लहू से और हमारी गवाही के द्वारा विजय पाने का मतलब क्या है, हम प्रार्थना करते हैं कि हम अपने जीवन से इतना प्यार ना करें कि अपनी मृत्यु से झिझकने लगे ।

हे प्रभु, हमारी प्रार्थना सुने ।